मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय

क्रमांक एफ-2-3/2004/1/9 भोपाल, दिनांक 19-4-2004

प्रति,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय.—शासकीय पत्र व्यवहार में दूरभाष क्रमांक अंकित किये जाने बाबत्.

संदर्भ.—इस विभाग का ज्ञाप क्रमांक एफ. 2-21/93/9/1, दिनांक 4-10-93.

उपर्युक्त विषयक संदर्भित ज्ञाप द्वारा शासकीय पत्र व्यवहार व्यवहार में दूरभाष अंकित करने का निवेदन किया गया था. प्रायः देखने में आ रहा है कि शासकीय पत्र व्यवहार में दूरभाष अंकित नहीं किया जा रहा है जिससे संबंधित अधिकारी से आवश्यकता रहने पर दूरभाष पर सम्पर्क करने में अत्यन्त कठिनाई हो रही है.

अतः अनुरोध है कि शासकीय पत्र व्यवहार में पत्र लिखने वाले अधिकारी का (एस.टी.डी. कोड सहित पदनाम के नीचे दूरभाष क्रमांक तथा मोबाईल क्रमांक (यदि हो तो) निश्चित रूप से अंकित करें ताकि उनसे दूरभाष पर सम्पर्क किया जाना सुविधाजनक हो.

2. कृपया उक्त निर्देश का पालन कृपया सुनिश्चित किया जावे.

हस्ता./-
(एस. एस. वानखड़े)
सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग.
दूरभाष क्र. 2441452